# 50 हजार के नकली नोट व लाहन बरामद, एक काबू



Publish Date:Sat, 26 Dec 2020 07:58 AM (IST)Author: **Jagran**

*मोगा थाना समालसर पुलिस ने गांव लंडे में बुधावर सायं सात बजे सूचना के आधार पर छापामारी करके एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये के जारी नोट बरामद किए। इसके बाद जब उससे पूछताछ की गई तो तीस हजार रुपये के और जाली नोट व व 150 लीटर लाहन बरामद हुई।*

संवाद सहयोगी, मोगा

थाना समालसर पुलिस ने गांव लंडे में वीरवार सायं सात बजे सूचना के आधार पर छापामारी करके एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए। इसके बाद जब उससे पूछताछ की गई तो तीस हजार रुपये के और नकली नोट व 150 लीटर लाहन बरामद हुई। इस बारे में आरोपित को काबू करके पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। यह जानकारी डीएसपी जसबिदर सिंह खैहरा व थाना समालसर में तैनात प्रभारी इंस्पेक्टर जगतार सिंह ने दी है।

इंस्पेक्टर जगतार सिंह ने बताया कि आरोपित कुलदीप सिंह को अदालत में पेश करके एक दिन का रिमांड लिया गया है। पुलिस को आशा है कि पूछताछ के बाद किसी बड़ेगैंग का नाम सामने आ सकता है।

उन्होंने बताया कि सहायक थानेदार अंग्रेज सिंह द्वारा पुलिस पार्टी समेत गांव लंडे में गश्त की जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सूचना मिलने पर थानेदार अंग्रेज सिंह ने गांव लंडे में कुलदीप सिंह उर्फ बंगाली पुत्र साधू सिंह के घर छापामारी की। जहां से पुलिस पार्टी को सौ व दो सौ रुपये के कुल 20 हजार रुपये नकली बरामद हुए। इसके बाद जब आरोपित से पूछताछ शुरू की गई, तो उससे सौ व दो सौ के ही नकली नोट फिर बरामद हुए। ये तीस हजार रुपये के थे। उक्त नकली नोटों मं सौ वाले नोटों की संख्या 60 थी और दो सौ वाले नोट 220 थे। इस तरह से कुल 50 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। इसके अतिरिक्त आरोपित के घर से कलर फोटो स्टेट स्कैनर, करंसी बनाने के लिए कागज, कटर व 150 लीटर लाहन बरामद हुई है। इस बारे में पुलिस ने आरोपित को काबू कर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

-------------

मजदूरी करने के साथ चलाया धंधा :

पुलिस के अनुसार आरोपित कुलदीप सिंह मेहनत मजदूरी का काम करता था। इसी के साथ उसने अपने घर में प्रिंटर रखा हुआ था। जहां पर वह असली नोट को स्कैन करके जाली नोट बनाता था। आरोपित पिछले तीन वर्षो से कस्बे में अपना काला कारोबार चला रहा था।

------------

लोग दें पुलिस को सहयोग

डीएसपी बाघापुराना जसबिदर सिंह खैहरा ने कहा है कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है। ऐसे में लोगों का भी फर्ज बनता है कि वह पुलिस का सहयोग करे। अगर आसपास कोई व्यक्ति समाज विरोधी कार्य कर रहा है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

Source: https://www.jagran.com/punjab/moga-fifty-thousand-rupees-with-fake-currency-and-lahn-21203956.html